कच्चा डंडा परकोटा वासियों को राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने पट्टे वितरित किये

'शहर के विकास के लिये नगर निगम 100 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी कर रही है'

भरतपुर, (निसं)। तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शनिवार को शहर के वार्ड 28 व 30 के कच्चा डंडा परकोटावासियों को 78 पट्टे गोपालगढ स्थित अम्बेडकर भवन में आयोजित शिविर में वितरित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के मेयर अभिजीत कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम की आयुक्त बीना महावर, वार्ड पार्षद राकेश पठानियां व पार्षद प्रतिनिधि अशोक लवानियां मौजूद रहे।

पट्टा वितरण के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये डॉ. गर्ग ने कहा कि परकोटा वासियों को पट्टा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया काफी दिनों से चल रही थी लेकिन राज्य सरकार द्वारा कई मामलों में निर्णय लेने में समय लग गया फिर भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति धारीवाल ने विशेष पहल कर पट्टे तैयार कराये और वितरण का कार्य शुरु कराया। इन पट्टों को घर-घर वितरित करवाया जा रहा है ताकि लोगों में सरकार के प्रति सकारात्मक भावना जाग्रत हो सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम 100 करोड रुपये के बोन्ड जारी कर रही है। जिससे शहर के विकास के लिये अतिरिक्त राशि उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये नगर निगम के मेयर अभिजीत कुमार ने कहा कि सभी को परकोटावासियों को नियमानुसार पट्टे उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत् तैयार किये गये पट्टों को ऑनलाइन किया जायेगा।

भरतपुर में कच्चा डंडा परकोटा वासियों को आयुर्वेद राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग (बाएं से दूसरे) ने पटटे वितरित किये।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अनेक विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दयाचन्द पचौरी, डॉ. लोकपाल सिंह, रवि सरपंच मुरवारा, प्रेमसिंह प्रजापत, अमित गौरावर, नरेश, सुनील कांत, सुनील लवानियां, देवेश सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

दो दिवसीय अग्रसेन मेला आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति के तत्वाधान में अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में रविवार को दो दिवसीय विशाल अग्रसेन मेले का भव्य आयोजन किया जायेगा। मेला संयोजक जितेंद्र मंगल बुकसेलर ने बताया कि मेले में शाम 7 बजे से रंगारंग कार्यक्रम के साथ भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि हर्षवर्धन अग्रवाला पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर, अति विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण सिंघल, विशिष्ट अतिथि घनश्याम गुप्ता गोठरा वाले, वेद प्रकाश गुप्ता रिटायर्ड उप प्रधानाचार्य, सतीश सरल ए ई एन, मनीष सागवान, महेश गुप्ता, बालकृष्ण गर्ग एईएन, दिनेश चंद करणपुर वाले, हरिओम बंसल मंडरायल वाले, विजय मित्तल अतेवा वाले होंगे। समारोह की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल द्वारा की जावेगी। समिति के प्रचार प्रसार मंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि मेले में आने व जाने के लिए कर्मचारी कॉलोनी, उदेई मोड, सालौदा, नहर रोड, मालगोदाम, पुरानी अनाज मंडी, फब्बा सर्कल से बस की व्यवस्था रखी गई है।

सार-समाचार

सुधांशु कासलीवाल अध्यक्ष बने

श्री महावीरजी, (निसं)। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं जैन समाज के गौरव वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल को राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य श्रवण संस्कृति बोर्ड के अध्यक्ष बनाने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर कर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी। जैन सोशल ग्रुप श्री महावीर जी के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन एवं श्री दिगंबर जैन कृष्णावाई जी मंदिर के मैनेजर तरुण कुमार ने बताया कि कासलीवाल जी समाज के विभिन्न उच्चस्तरीय पदों पर रहकर आमजन को पिछले काफी वर्षो से राहत पहुंचाकर आम लोगों की सेवा कर रहे हैं राजस्थान सरकार ने उनकी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए गुरुवार को राजस्थान राज्य श्रवण संस्कृति बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि यह बोर्ड का गठन राजस्थान सरकार ने पिछले महीने ही किया था। इस बोर्ड में एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष 3 सदस्य सहित पांच लोगों को मनोनीत किया है।जिसमें अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल, उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश भाई सिंघवी एवं सदस्य पद पर उद्योगपति आरके मार्बल ग्रुप के प्रमुख अशोक पाटनी, दिनेश खोडनिया, मनीष मेहता की राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्ति की गई है। इन सभी का कार्यकाल 5 अक्टूबर से लेकर 3 वर्ष का रहेगा। कासलीवाल जी की नियुक्ति पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन कोषाध्यक्ष संजय कुमार जैन संरक्षक महेश कासलीवाल मंत्री विकास कुमार संयुक्त मंत्री राजकुमार पांडे संजय जैन चक्रेश जैन अरविंद जैन राम अवतार शर्मा तरुण कुमार सहित अन्य सभी समाजों के गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर कर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी।

करौली विधायक का आभार जताया

करौली, (निसं)। मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने बाल्मिकी समाज कल्याण बोर्ड के गठन को मंजूरी देने पर बाल्मिकी समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है एव मुख्य मंत्री अशोक गहलोत व करौली विधायक लाखन सिंह मीना का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले वाल्मिकी समाज के लोगों ने करौली विधायक लाखन सिंह मीना के उनके करौली आवास पर मुलाकात कर वाल्मिकी समाज कल्याण बोर्ड गठन करने मांग की थी विधायक लाखन सिंह ने मुख्य मंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर वाल्मिकी समाज कल्याण बोर्ड गठन करने की अभिशंषा की थी शनिवार को मुख्य मंत्री अशोक गहलोत द्वारा वाल्मिकी समाज कल्याण बोर्ड गठन को मंजूरी देने पर वाल्मिकी समाज के पार्षद संदीप डागर, ग्यारसी लाल, बाबू लाल, दयाल, राधे जमादार, गोपाल, संजू, अनूप, दिलीप जमादार, रवि, सुरेश, प्रकाश, अमर लाल सहित करौली बाल्मिकी समाज के लोगों हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक लाखन सिंह को धन्यवाद देते हुए मुख्य मंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया है।

एक दिवसीय चिकित्सा शिविर कल

करौली, (निसं)। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश. करौली बीना गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की विशेष योग्यजनों के हितार्थ प्रारंभ की गयी योजना के तहत इस प्राधिकरण द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 9अक्टूबर को प्रातः .बजे से साय 4.00 बजे तक जिला चिकित्सालय, करौली में एक दिवसीय शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा निःशक्तजन के सत्यापन बाबत मेडिकल बोर्ड का गठन कर नेत्र रोग, ई.एन.टी. मनोरोग व अस्थि रोग विशेषज्ञों को नियुक्त किया गया है। इस शिविर में 40 प्रतिशत एवं अधिक निःशक्तताधारी विशेष योग्यजन जिनकी सत्यापन प्रक्रिया लंबित है। उनके सत्यापन होंगे एवं जिनके अभी तक निःशक्तता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं. उनके नवीन निःशक्तता प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया

हिंडौन सिटी, (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शनिवार को कश्यप, कहार, कीर आदि नामो से जाने जाने वाले समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए राजस्थान राज्य केवट कल्याण के गठन को मंजूरी दी है, जिस पर कहार समाज संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हुकमसिंह कश्यप ने संपूर्ण कश्यप, कीर, कहार, मेहरा समाज राजस्थान की ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदेशाध्यक्ष हुकमसिंह कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पिछडे और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमारे समाज की लम्बे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया इससे आगामी समय मे कश्यप, कीर, कहार समाज के उत्थान में मदद मिलेगी।

अग्र मैराथन आज

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आज रविवार को प्रातः 5.30० बजे से अग्रवाल धर्मशाला से अग्रवाल समाज समिति एवं अग्रवाल महिला सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अग्र मैराथन का शुभारम्भ होगा जो कि बजरिया होते हुए मुख्य मार्गो से निकलकर नहर रोड होते हुए कुशालगढ वाले बाबा श्याम मंदिर पर पहुंचेगी।

मेहंदी में खुशबु व दीया प्रथम रही

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल महिला सेवा समिति के द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रमों का आगाज किया गया जिसमें मुख्य अतिथि लक्ष्मी गुप्ता के द्वारा अग्रसेन जी महाराज के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल अध्यक्ष संजना मित्तल के द्वारा की गई। मंत्री हेमलता अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रमों में मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व विभिन्न प्रकार की गेम्स खिलाई गए। मेहंदी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में खुशबू गुप्ता प्रथम, कोमल गुप्ता द्वितिय, टीना गुप्ता तीसरे स्थान पर रही। वहीं जूनियर वर्ग में दिया गुप्ता प्रथम, मोनिका सिंघल द्वितीय, गुनगुन गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मी अग्रवाल, द्वितीय दीया गुप्ता, तीसरे स्थान पर पूजा गुप्ता रही। मांडने प्रतियोगिता में राधा सिंघल प्रथम, सरिता गुप्ता द्वितीय, आशी अग्रवाल तीसरे स्थान पर रही। एक मिनट प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भारती गुप्ता प्रथम रजनी गुप्ता व शशि अग्रवाल द्वितीय विजेता रही।

बालक-बालिकाओं को योजनाओं की जानकारी दी

- **समाज कल्याण सप्ताह का हुआ समापन**

करौली, (निसं)। एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत चल रही गतिविधियों का समापन विशेष योग्यजन दिवस मनाते हुए बालक बालिकाओं को दी जाने बाली योजनाओं की जानकारी देते हुए किया।

इस दौरान सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी लाल बहादुर चतुर्वेदी ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी कनिष्ठ सहायक हिम्मत एवं सोमेंद्र ने समाज कल्याण सप्ताह के दौरानं की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला वीरेंद्र सिंह ने दिव्यांगों को दी जाने बाली पेंशन एवं अन्य योजनाओं को विस्तार से समझाया भानू प्रताप ने आवासीय विद्यालयों को दी जाने बाली सुविधाओ के बारे में बताते हुए कहा की संस्था द्वारा दिव्यांग बालको को सराहनीय सुविधाएं दी जा रही हैं। निजी सहायक सचिन ने कहा की निःशब्द विद्यालय के दिव्यांग बालको ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की मनमोहक प्रस्तुतियों को देकर ये कर दिखाया की हम किसी से कम नही है। कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिताओ के विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किये जिसमे मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनिया जाटव, चित्रकला में प्रथम स्थान पिंकी माली, नींबू रेस में रेहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड में प्रथम स्थान अनूप कुशवाह और रूमाल झपट्टा में आदित्य ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सभी अतिथियों द्वारा सामूहिक रुप से पुरुस्कार दिए अंत मे संस्था के राजकुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया मंच संचालन अनुज प्रताप ने किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य स्नेहलता राजावत, भावना शर्मा, हरिमोहन मीना, अनिल पाल, महेंद्र पाल, धर्मेंद्र, मलखान, पुर्ष्पेद्र, खुशी, प्रेमपाल, अरविन्द सहित अन्य स्टाफ एवं विद्यालय और कॉलेज के लगभग 250 बालक बालिकाओं ने भाग लिया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव आज से शुरू

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज उदेई मोड का अग्रसेन जयंती महोत्सव आज से शुरू होगा। आज प्रथम दिन मोटरसाइकिल दौड धीमी एवं जूनियर वर्ग में साइकिल दौड धीमी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजेश महोली ने बताया की सीनियर वर्ग में मोटरसाइकिल दौड धीमी संयोजक नीरज कुमार गुप्ता एवं जूनियर वर्ग में साइकिल दौड धीमी संयोजक दिनेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में नई अनाज मंडी उदेई मोड में कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश कुमार गुप्ता महोली वाले मौजूद रहेंगे एवं अग्रवाल समाज उदेई मोड के समस्त पदाधिकारी कार्यकारणी सदस्य उपस्थित रहेंगे। अग्रवाल समाज उदेई मोड द्वारा वृद्धजन सम्मान समारोह में उम्र सीमा 75 वर्ष से घटकर सर्व सम्मति से 7० वर्ष की गई जिसका सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सद्स्यों द्वारा समर्थन किया गया जिसका प्रचार प्रसार माइक द्वारा बाजार में भी करवाया गया। अग्रवाल समाज द्वारा वृद्धजन सम्मान समारोह की जानकारी संयोजक विष्णु चंद्र गुप्ता कोटे वालों के निम्न नंबरों 8432711057 पर दी जा सकती है।

खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं: बेनीवाल

हिंडौन सिटी, (कासं)। शहर के मोहन नगर स्थित चंद्रा उच्च माध्यमिक विद्यालय में 67वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य प्रकाश सिंह बेनीवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल को केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि कैरियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण बताया।

चंद्रा माध्यमिक विद्यालय में चल रही जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के फील्ड मार्शल राम ब्रज सिंह एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह के दौरान निर्देशक बाबूलाल अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य प्रकाश सिंह बेनीवाल ने की। गत 5 अक्टूबर से चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, जूडो, ताइक्वांडो व क्रिकेट आदि खेलों के लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें समापन समारोह के अवसर पर विजेता और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान कबड्डी 19 वर्ष में सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय विजेता रही वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाखोदा ने दूसरा स्थान हासिल किया।

इसी तरह कबड्डी 17 वर्ष में नेहरू पब्लिक स्कूल सूरोठ में प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं राज्य की उच्च माध्यमिक विद्यालय मिजोरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह क्रिकेट 17 वर्ष में सेंट फ्रांसिस स्कूल कांचरोली ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं नमनदीप विद्यालय मंडावरा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने जूडो और ताइक्वांडो में भी बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए। जिन्हें समापन समारोह के अवसर पर स्मृति चिंह प्रदान कर मेडल पहनाए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन वर्ष शारीरिक शिक्षक देवी सहाय शर्मा ने किया। इस अवसर शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश डा, दिगंबर सिंह, विनीत मीणा, कर्मजीत, लक्ष्मी, ममता, रीता, चितौसिया, सुमन, ममता, महेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

नालों की सफाई से नहीं होगा पानी का भराव

गंगापुर सिटी में फब्बारा चौक पर नालों की सफाई करते कर्मचारी।

- **कर्मचारियों ने नाले की सफाई की**

गंगापुर सिटी, (निसं)। शनिवार को फव्वारा चौक के नाले की सफाई नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल के निर्देशन में हुई। नाले की कर्मचारियो ने तले झाड सफाई की है।

सभापति ने कार्मिकों को निर्देष दिए की जल्द से जल्द नाले की सफाई की जाए जिससे जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। सभापति ने बताया कि जीवन में स्वच्छता से तात्पर्य स्वस्थ होने की अवस्था से भी है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढाती है। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है।

स्वच्छता को बनाए रखने के लिए हमें इधर-उधर कचरा नहीं फैकना चाहिए, कचरा हमेशा कूडेदान में ही फेंकना चाहिए। कहा भी गया है स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। स्वच्छता को अपनाएं और देश को आगे बढाएं। हमें स्वच्छता के लिए दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। उन्होने शहरवासियो से आग्रह किया वे अपने घर का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाले एंव सभी अपने घर के बाहर बल्ब जरूर लगाएं जो घर सक्षम है वह अपने घर के बाहर कैमरे लगाए जिससे अपराधो पर रोकथाम लगे।

खिलाड़ियों को सम्मानित किया

करौली, (निसं)। शनिवार को राउप्रावि भंबरपुरा के संयोजन में मुंशी त्रिलोक चन्द माथुर स्टेडियम करौली में 67 वी एथलेटिक्स 14 वर्षीय छात्र-छात्रा खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा मैडल देकर सम्मानित किया गया। गंगाराम प्रजापत एवं मुकेश शर्मा खेल प्रभारी ने बताया कि 14 वर्षीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 44 छात्र-छात्रा विजेता एवं उप विजेता रहे। वो करौली जिले के विजेता तो है लेकिन खेलो के नॉर्म्स माप दंड पूर्ण नहीं करने से राज्य स्तर पर नही खेल सकेंगे। ऊंची कूद छात्र वर्ग में माप दंड पूर्ण करने वाला जिले एक मात्र खिलाडी आशु रेडियंट सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल करौली का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है।समापन समारोह में मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार गुप्ता सीबीईओ, कार्यक्रम कि अध्यक्षता मुकेश कुमार शर्मा ने की एवं विशिष्ट अतिथि राजेश सहारिया एव समयसिंह मीना पर्यवेक्षक रहे। प्रतियोगिता के संयोजक अरुण कुमार जाटब एवं सहसंयोजक गंगाराम प्रजापत ने अतिथियों का माला साफा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सोगर स्कूल की टीम ने चारों वर्गों में मल्लखंभ चैम्पियनशिप जीती

भरतपुर, (निसं)। षिक्षा विभागीय स्कूली जिला स्तरीय मल्लखंभ प्रतियोगिता (छात्र/छात्रा) 17 व 19 वर्श का समापन एवं पुरूस्कार वितरण षहीद महेष कुमार राज0 उच्च मा.वि. सोगर में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि एवं प्रतियोगिता पर्यवेक्षक हरेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य इन्दु रहे, अध्यक्षता प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य सोगर के भूपेन्द्र सिंह ने की।

विषिश्ठ अतिथि सरपंच प्रतिनिधि दिनेष कुमार रहे। प्रतियोगिता की मुख्य निर्णायक एवं सोगर स्कूल की वरिश्ठ षारीरिक षिक्षक अनीता इन्दौलिया ने बताया कि समापन एवं पुरूस्कार वितरण के सभी अतिथियों का साफा, माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही समारोह के मुख्य अतिथि हरेन्द्र सिंह एवं अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने विजेता, उपविजेता टीमों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। अनीता इन्दौलिया मुख्य निर्णायक के अनुसार जिला स्तरीय मल्लखंभ प्रतियोगिता के चारों वर्गों 17 व 19 वर्श छात्र/छात्रा वर्ग की प्रथम स्थान प्राप्त कर टीम चैम्पियनषिप पर कब्जा षहीद महेष कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोगर (डीग) ने किया। विजेता/उपविजेताओं को स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक, 19 वर्श छात्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोगर प्रथम, 19 वर्श छात्रा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोगर प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताखा द्वितीय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तालफरा तृतीय रहा, 17 वर्श छात्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोगर प्रथम, सीह द्वितीय तथ ताखा तृतीय रहा, 17 वर्श छात्रा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोगर प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीह द्वितीय तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताखा तृतीय रही।

चैम्पियनशिप ट्रॉफी के साथ सोगर स्कूल की टीम।

मल्लखंभ प्रतियोगिता के सर्वश्रेश्ठ मल्लखंभ खिलाडी का खिताब 17 वर्श छात्र में सचिन कुमार सोगर, 19 वर्श छात्र में अजय सोगर, 17 वर्श छात्रा में कमलेष सोगर तथा 19 वर्श छात्रा में नान्दिनी सोगर सर्वश्रेश्ठ खिलाडी बनकर सोगर ने सभी स्वर्ण पदक जीतकर अपना परचम फहराया। समापन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह में पर्यवेक्षक हरेन्द्र सिंह, संयोजक भूपेन्द्र सिंह तथा निर्णायक खबूचन्द नागर, विजय लक्ष्मी, सुनीता जाटव, रेनु सिंह, अंजना पुश्प, यषवीर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रामवीर सिंह, मनोज सिंह, सुमित सिंह, गेजेन्द्र कुमारी, अंजली गुप्ता, वीनेष षर्मा, ममता वर्मा, रजनी सिंह, अंजना, वंदना, महेष कुमार ने सभी निर्णायकों को स्मृति चिन्ह, देकर सम्मानित किया।

समापन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह में मल्लखंभ फैडरेषन ऑल इंडिया की ओर से उत्कृश्ठ आयोजन के लिए प्रतियोगिता संयोजक भूपेन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक हरेन्द्र सिंह सहित सभी को सम्मानित किया। आभार प्रदर्षन अनीता इन्दौलिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह, राजेष पाराषर ने किया। वहीं सुरेष चन्द वर्मा मैदान प्रभारी सोगर को अनीता इन्दौलिया द्वारा विषेश सम्मान स्वरूप ट्रेकसूट प्रदान किया गया।

ज्ञापन के बाद भी नहीं बनी सड़क

कामां, (निसं)। नगर पालिका की वार्ड संख्या 24 में निर्माण कार्य कराने की मांग को लेकर नगर पालिका पार्षद हजारीलाल आर्य ने नगर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल को ज्ञापन सोपा और सड़क निर्माण कार्य कराने की मांग रखी। नगर पालिका पार्षद हजारीलाल आर्य ने बताया कि अब तक तकरीबन 5 से 6 बार वे नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन अभी तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है जिससे वार्ड वासियों में भी नगर पालिका के प्रति नाराजगी बनी हुई है इस बार भी नगर पालिका के स्थानीय वासी चाहते हैं कि पालिका अध्यक्ष शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कराएं जिससे लोगों को राहत मिल सके। वार्ड वासियों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य की मांग काफी लंबे समय से करते आए हैं लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और घायल व चोटिल होने जैसी समस्याएं भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश महोदय महवा (दौसा)
1.दुलारी देवी (पत्नि) 2.पवन कुमार (पुत्र), 3. सुदीश कुमार (पुत्र), 4. आशा देवी (पुत्री), 5. नीता देवी पुत्री) विरूद्ध हरखास व आम
वाद बाबत - दावा
वाद संख्या- 104 सन् 2023
बनाम हर खास व आम जाति...स्थान... वादीगण ने आपके विरूद्ध दावा के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 08 माह 11 सन् 23 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 07 माह 10 सन् 23 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से-रीडर
सिविल न्यायाधीश
महवा जिला दौसा (राज.)
मोहर अदालत

हिण्डौन में मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़े

- **एक महीने में 90 डेंगू पॉजिटिव मिले, तीन हजार के पार पहुंची ओपीडी**
- **इसके बावजूद भी जलभराव व गंदगी को लेकर नगर परिषद विशेष ध्यान नहीं दे रही**

हिंडौन सिटी, (कासं)। मौसमी बीमारियों के साथ तेजी से डेंगू के बढ़ रहे रोगियों के सामने जिला अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था हांफने लगी है। भले ही राज्य सरकार ने यहां 250 बेड की घोषणा कर सुविधाओं में इजाफा किया हो, लेकिन मेडिकल वार्ड और शिशु वार्ड में भर्ती हो रहे मरीजों की संख्या के अनुपात में पलंगों की संख्या काफी कम है।

ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में 4 सितंबर से सीबीसी जांच और एलाइजा किट से हो रही डेंगू जांच में अभी तक 90 मरीज डेंगू के मिल चुके हैं। इसी के साथ जिला अस्पताल में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की ओपीडी भी इन दिनों 3 हजार के पार है, जो सामान्य दिनों में 2200 रहती है। बारिश के साथ ही शुरू हुआ मौसम परिवर्तन से क्षेत्र में वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया, सर्दी, खांसी बीमारियां पनप रही है। शिशु वार्ड में पलंगों की संख्या 21 है। जबकि यहां प्रतिदिन 90 से अधिक शिशु रोगी भर्ती हो रहे हैं। यहां एक पलंग पर 6 से 7 रोगी भर्ती हैं। इसी प्रकार मेडिकल वार्ड में पुरुष व महिला वार्डो में पलंगों की संख्या 48 है, जबकि भर्ती हो रहे मरीजों की संख्या 100 पहुंच चुकी है। ऐसे में जिला अस्पताल प्रबंधन को अतिरिक्त स्टाफ व अन्य कमरें का संचालन भी भर्ती रोगियों के लिए शुरू कर दिया। इसके बाबजूद रोगियों को पर्याप्त उपचार नही मिल रहा। ना फॉगिंग ना सफाई पर ध्यान क्षेत्र में वायरल बुखार के साथ डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है।

एक माह से वायरल बुखार ने क्षेत्र को बीमारी ने जकड लिया। इसके बावजूद भी जलभराव व गंदगी को लेकर नगर परिषद विशेष ध्यान नही दे रही। फिलहाल फॉगिंग भी नही कराई जा रही। इसी के साथ लार्वा नष्ट करने के लिए दवाओं का छिड़काव भी नही हो रहा है। इसे लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता ने कहा कि मौसमी बीमारियों के कारण मरीजो की संख्या बढ़ रही है। जिसे लेकर मेडिकल वार्ड में महिला मरीजो के लिए अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की गई है। वहीं अलग कमरे का संचालन शुरू किया गया है।

दिलीप सिंह बने तहसील अध्यक्ष

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला गंगापुर सिटी करणी सेना के जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह जैसावत द्वारा नदोती तहसील करणी सेना के अध्यक्ष पद के लिए दिलीप सिंह चौहान गढी राजपुर तहसील नदोती जिला गंगापुर सिटी को नियुक्त किया है। दिलीप सिंह के नादौती तसील अध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयसिंह राजपूत, सीताराम सिसोदिया, ओम प्रकाश, मोहन सिंह, बलराम सिंह पंचायत समिति सदस्य, जगदीश सिंह, विजेंद्र सिंह जिरना ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया व माला एवं साफा पहनकर अभिनंदन किया।

कार्यालय पंचायत समिति मण्डरायल जिला करौली

क्रमांकः पसस/लेखा/बोली/2023-24/sp-1 दिनांकः 04.10.2023

संशोधित खुली प्रतियोगी बोली दर संविदा सूचना संख्या 07/2022-23

इस कार्यालय अधीन जारी खुली प्रतियोगी बोली 2066 दिनांक 29.09.2023 में अपरिहार्य कारणों से निम्नप्रकार संशोधन किये जाते हैं:-

क्र.सं.	बोली सूचना संख्या	बोलीयों का विवरण	पूर्व में बोली हेतु दिनांक व समय	संशोधन पश्चात वर्तमान दिनांक व समय
1	2066/29.09.2023	1. कम्प्यूटर ऑपरेटर मेन विद मशीन हेतू। 2. अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था 3. टेंट व्यवस्था हेतू। 4. स्टेशनरी व्यवस्था हेतू। 5. फोटोकापी व्यवस्था हेतू। 6. वाहन व्यवस्था हेतू।	बोली जमा कराने हेतू समय 05.10.2023 समय 2.00 बजे तक बोली खोलने का समय 05.10.2023 समय 4.00 बजे तक	बोली जमा कराने हेतू समय 07.10.2023 समय 5:00 बजे तक बोली खोलने का समय 07.10.2023 समय 5:00 बजे तक

बोली की अन्य शर्तें/ दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय पर इस कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

(गीता माली)
प्रधान, पंचायत समिति मण्डरायल

विकास अधिकारी एवं कार्याक्रम अधिकारी
पंचायत समिति मण्डरायल

ZKR2324A0133